## न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, पाली
## पीठासीन अधिकारी :: श्री भागीरथ बिश्नोई, आर.ए.एस.

**गुण्डा एक्ट प्र.सं. : 22/2017**

| **सायल :–** | **बनाम** | **गैरसायलः--** |
|---|---|---|
| सरकार जरिये जिला पुलिस अधीक्षक पाली | | जेठुसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत उम्र 48 साल निवासी चांचौडी, पुलिस थाना गुड़ एन्दला जिला पाली |

**इस्तगासा अन्तर्गत धारा 2(ख)/3/7 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975**

**उपस्थित :**
सायल की ओर से सहायक लोक अभियोजक प्रथम श्रेणी पाली
गैरसायल की ओर से अधिवक्ता विक्रम सिंह राठौड़।

:: निर्णय ::

**दिनांक :–** 23/10/2018

सायल जिला पुलिस अधीक्षक पाली की ओर से दिनांक 20.11.2017 को गैरसायल जेठुसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत उम्र 48 साल निवासी चांचौडी, पुलिस थाना गुड़ एन्दला जिला पाली के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत परिवाद/सूचना प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया कि गैरसायल थाना गुड़ा एन्दला, पाली का आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है जिसके खिलाफ वर्ष 2003 से इस्तगासा पेश करने की अवधि में 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए है। समस्त प्रकरणों में दोषसिद्ध घोषित किया जाकर सजा से दण्डित किया गया है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. स. | थाना | मु.नं./दिनांक | धारा | न्यायालय निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गुड़ा एन्दला | 06/10.01.2013 | 323, 354 भादस | दिनांक 17.06.2006 को सीजेएम कोर्ट पाली से दोष मुक्त |
| 2 | गुड़ा एन्दला | 54/19.03.2004 | 279, 304 ए, भादस | जैर ट्रायल |
| 3 | गुड़ा एन्दला | 154/19.08.2004 | 323, 341 भादस | दिनांक 22.07.2017 को जेएम नं 02 पाली से एक वर्ष के लिए पाबन्द, प्रताडना देकर छोडा गया |
| 4 | गुड़ा एन्दला | 32/01.03.2005 | 451, 323, 354 भादस | दिनांक 20.06.2007 को जेएम न. 02 पाली से 4 पीओ एक्ट के तहत एक साल के लिए सदाचार के लिए पाबन्द व 200 रू0 जुर्माना |
| 5 | गुड़ा एन्दला | 151/27.09.2016 | 13 RPGO | दिनांक 11.01.2017 को जे एम कोर्ट पाली से 5 पीओ एक्ट के तहत पाबन्द व 100 रू जुर्माना |
| 6 | गुड़ा एन्दला | 42/20.03.2017 | 13 RPGO | दिनांक 23.03.2017 को जे एम कोर्ट पाली से 100 रू. जुर्माना |

उपरोक्त दर्ज चालान सुदा प्रकरणों एवं रोजनामचा आम मे दर्ज रपटों से यह बखूबी साबित है कि गैरसायल जेठुसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत उम्र 48 साल निवासी चांचौडी,

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली

पुलिस थाना गुड़ एन्दला जिला पाली जुए के धंधे एवं मारपीट में लिप्त है, जो बावजूद सजा के भी निरन्तर अपराध प्रवृति में लिप्त है। जो आदतन जुहारी होने से आम जनता में भय व्याप्त है एवं लोग गैरसायल के भय से पुलिस को सूचना देने से कतराते है। निरन्तर अपराध करने से जनता में दुष्प्रभाव पडता है व पुलिस की छवि पर भी लोगो का अविश्वास प्रकट होने की पूर्ण संभावना बनी रहती है। अतः इस्तगासा बरखिलाफ गैरसायल के अन्तर्गत धारा 2 (ख)(iii)/3 राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 के तहत प्रस्तुत कर निवेदन किया कि उक्त अपराधी को गुण्डा घोषित कर जिले से निष्कासन हेतु कानूनी कार्यवाही करावे।

सायल की ओर से पेश प्रकरण इस न्यायालय में पंजीबद्ध किया गया। उक्त परिवाद/सूचना पर यह न्यायालय प्रथम दृष्टया संतुष्ट होकर कि गैरसायल के विरूद्ध धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत कार्यवाही करने के पर्याप्त आधार पत्रावली पर मौजूद है। जिस पर गैरसायल के विरूद्ध लगाये गये आरोपो की सामान्य प्रकृति की सूचना हेतु धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 का नोटिस मय जिला पुलिस अधीक्षक पाली की सूचना/परिवाद की तामिल करवाई गई। गैरसायल ने उक्त परिवाद का कोई जवाब नहीं दिया तथा न ही कोई शहादत सूची प्रस्तुत की।

ए0पी0पी0 एवं विद्वान अभिभाषक गैरसायल की बहस सुनी गई। सरकारी पैरोकार ने अपनी बहस में कथन किया कि गैरसायल पुलिस थाना गुड़ा एन्दला का अव्वल दर्जे का बदमाश है, जिसके विरूद्ध विभिन्न प्रकरण न्यायालय में दर्ज है तथा गैरसायल को विभिन्न प्रकरणों में दोषसिद्ध घोषित किया गया है। गैरसायल का आम जनता में इतना भय है कि लोग इसके विरूद्ध सूचना देने में भी कतराते है, जिससे आम जनता में पुलिस की छवि पर दुष्प्रभाव पडता है। गैरसायल आदतन जुआरी है, जो बावजूद सजा के भी निरन्तर अपराध में लिप्त है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार करावें एवं गैरसायल को गुण्डा घोषित कराते हुए जिले से निष्कासन के आदेश पारित करावें।

वकील गैरसायल ने अपने लिखित जवाब में उल्लेख किया कि गेरसायल को न्यायालय द्वारा परीविक्षा का लाभ दिया गया है तथा गेरसायल किसी भी रूप में जुऐ का धन्धा नहीं करता है। गैरसायल के विरूद्ध इस्तगासा दायर करने से छह माह पूर्व कोई आदेश पारित नहीं किया है। इस कारण गैरसायल गुण्डा एक्ट की परिधी में नहीं आता है। अतः कार्यवाही निरस्त करावे।

बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन, अनुशीलन एवं विश्लेषण किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात् के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि गैरसायल के विरूद्ध माननीय जेएम कोर्ट द्वारा प्रकरण संख्या 153/2016 में पारित निर्णय दिनांक 17.12.2016 के तहत आदेश पारित करते हुए राजस्थान पब्लिक गैम्बलिंग आध्यादेश 1949 की धारा 13 के अपराध में दोषसिद्ध घोषित करते हुए 100 रूपये के जुर्माना के दण्ड से दण्डित किया गया। इसी प्रकार प्रकरण संख्या 273/2017 में पारित निर्णय दिनांक 23.03.2017 के तहत आदेश पारित करते हुए राजस्थान पब्लिक गेम्बलिंग आध्यादेश 1949 की धारा 13 के अपराध में दोषसिद्ध घोषित करते हुए 100 रूपये जुर्माना के दण्ड से दण्डित किया गया। उपरोक्त प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(v) के तहत गुण्डा की श्रेणी में आता है।

पत्रावली पर उपलब्ध रेकर्ड एवं दस्तावेजात् के आधार पर गैरसायल जेठुसिंह पुत्र भंवरसिंह राजपूत उम्र 48 साल निवासी चांचौडी, पुलिस थाना गुड़ एन्दला जिला पाली को गुण्डा घोषित किया जाता है तथा राजस्थान गुण्डा अधिनियम 1975 की धारा 3(3)(क) के तहत एक माह की अवधि के लिए पुलिस थाना गुड़ा एन्दला, पाली से निष्काषित कर पुलिस थाना कोतवाली

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
पाली

सेन्दड़ा जिला पाली के नियन्त्रण में रखे जाने के आदेश दिये जाते है। गैरसायल आज की तारीख से 15 दिवस पश्चात अर्थात दिनांक 23.10.2018 से 30 दिन के लिये पुलिस थाना सेन्दडा जिला पाली में सप्ताह में एक बार अर्थात 30 दिन में चार बार अपनी उपस्थिति देगा तथा थानाधिकारी सेन्दड़ा, जिला पाली गैरसायल की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं रिपोर्ट इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। गैरसायल इस अवधि में नेकचलन रहेगा तथा सदाचार एवं शांति बनाये रखेगा। गैरसायल अपने पास किसी प्रकार का मादक पदार्थ हथियार/शस्त्र नही रखेगा तथा किसी आपराधिक गतिविधि में कर्ता/दुष्प्रेरक के रूप में भाग नही लेगा एवं न ही किसी आपराधिक कार्य में सहायता करेगा। गैरसायल जेठुसिंह राजपूत, इस आदेश की पालना हेतु स्वयं का मुचलका 10 हजार रूपये एवं इसी कदर मौतबिर जमानत अधिनियम की धारा 7 के तहत पेश कर तस्दीक करायेगा। थानाधिकारी पुलिस थाना गुड़ा एन्दला, गैरसायल जेठुसिंह को पुलिस अभिरक्षा में उक्त नियत तिथि को पुलिस थाना सेन्दड़ा, जिला पाली की सीमा में पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। थानाधिकारी सेन्दड़ा उनके यहां गैर सायल की उपस्थिति की सूचना इस न्यायालय को भिजवाना सुनिश्चित करेंगे एवं थानाधिकारी गुड़ा एन्दला पाली अपने थाना क्षेत्र में गैरसायल के वापस लौटने की सूचना इस न्यायालय को प्रेषित करेंगे। निर्णय की प्रमाणित प्रतिलिपी तहरीर के साथ थानाधिकारी पुलिस थाना गुड़ा एन्दला एवं थानाधिकारी सेन्दड़ा को भिजवाई जावे।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पाली राजस्थान

(भागीरथ बिश्नोई)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पाली
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रट, पाली

निर्णय आज दिनांक 23.10.2018 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर बाद हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(भागीरथ बिश्नोई)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट पाली
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रट, पाली